डूब में तब्दील हो रखा है। बारां जिले के छबड़ा की टॉवर कॉलोनी में भी पानी प्रवेश कर गया। बारां जिले के छबड़ा में भारी बारिश के चलते गूगल में किले की दीवार के पत्थर ढह गए। इसी तरह से केलवाड़ा के जैसवा के गांव में एक घर की छत गिर गई, हालांकि घर में सो रहे पांच सदस्य तुरंत बाहर चले गए थे। इसके अलावा कोटा के खातौली इलाके में भी बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं। खातौली कस्बे में बाढ़ जैसे हालात में प्रशासन ने निचली बस्तियों को खाली करना शुरू कर दिया है। लगातार पार्वती नदी में पानी की आवक हो रही है। साथ ही प्रशासन मुनादी भी कर रहा है।

थानाधिकारी मंशीराम बिश्नोई ने बताया कि लगातार पानी की आवक होने से एहतियात बरत रहे हैं। एसडीएम तहसीलदार अरुण सिंह सहित प्रशासन ग्रामीणों को सरकारी भवनों में शिफ्ट करवा रहे हैं और सतर्कता बरतने के लिए कह रहे हैं। पीपल्दा क्षेत्र में मदनपुरा, गोवर्धनपुरा, संग्रामपुरा, रघुनाथपुरा, डोली, नारायणपुरा, किरपुरिया, ख्यावदा, कजलिया सहित कई गांव टापू बन गए हैं।

कोटा के बूढ़ादीत थाना क्षेत्र के झाड़ गांव में एक कच्चे घर की दीवार ढहने से 79 वर्षीय खेमराज मीणा की मौत हो गई है। जबकि उनका मूकबधिर बेटा धनराज मलबा गिरने से घायल हो गया। सुल्तानपुर पंचायत समिति के सारोला पंचायत का कचनावड़ा गांव में बुजुर्ग की मौत हो गई थी। शमशान में टीनशेड नहीं था ऐसे में तिरपाल की मदद से अंतिम संस्कार किया गया।

चंबल नदी की झरेल की पुलिया पर पानी 22 जून से ही यह रास्ता बंद है। जिसे सवा महीने के आसपास हो गया है। इससे कोटा जिले के खातौली एरिया का सीधा संपर्क सवाई माधोपुर से टूटा हुआ है। वर्तमान में चंबल नदी की इस पुलिया पर पानी है। यहां पर स्थित झरेल के बालाजी का मंदिर भी पूरी तरह से जलमग्न है। मध्यप्रदेश सरकार ने खातौली के नजदीक पार्वती नदी पर पुल बनाया था। यह सबमर्सिबल पुल था जो इस बार बारिश में डूब गया है। इससे पहले राजस्थान सरकार का बनाया पुल भी अक्सर डूब जाया करता था। इस बार नया बना हुआ पुल जिस पर से इस साल ही ट्रैफिक शुरू हुआ था वह भी डूब गया है। इसके चलते मध्यप्रदेश का खातौली से संपर्क टूट गया है। कोटा जिले के अयाना के नजदीक पार्वती नदी की सुरताक क्वांजापुर की पुलिया पर पानी आ जाने के चलते कोटा का मध्यप्रदेश के बड़ौदा श्योपुर से संपर्क कट गया है। यह सड़क मार्ग का सबसे ज्यादा उपयोग बारां जिले के लोग मध्यप्रदेश के श्योपुर जाने के लिए करते हैं।

बूंदी जिले के लाखेरी के नजदीक मेज नदी की पापड़ी पुलिया के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। इसे देखने

- **कोटा के खातौली इलाके में बाढ़ जैसे हालात बन रहे हैं, प्रशासन ने निचली बस्तियों को खाली कराना शुरू किया**

के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद इस पुलिया पर से आवागमन फिलहाल रोक दिया गया है। बारां जिले में 14 रास्ते बंद हैं। कोटा जिले में सुकेत से जुल्मी रोड़, देवली मांझी से ढोटी, नोनेरा से नारायणपुरा, गैंता से कीरपुरा, चेचट से चंद्रपुरा रोड़ भी बंद हैं।

**सड़क पर आया मगरमच्छ:-** शहर के बजरंग नगर में नहर के नजदीक एक 9 फीट लंबा मगरमच्छ देर रात को पहुंच गया था। वन विभाग को भी इसकी सूचना मिली थी जिसके बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया गया। फॉरेस्ट विभाग के वीरेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया कि वह मंगलवार देर रात करीब 1 बजे पहुंच गए थे। लेकिन भारी बारिश हो रही थी। इसके चलते रेस्क्यू करने में काफी समय लगा। इसके बाद उसे पौने तीन बजे रेस्क्यू किया गया। इसे ले जाकर वॉटर फिल्टर प्लांट शिवपुरा के नजदीक चंबल नदी में छोड़ा है। यह मगरमच्छ 9 फीट लंबा और करीब 100 किलो वजनी था।

# मालाखेड़ा, सिलीसेढ़ व सरिस्का क्षेत्र में बारिश, खेतों में पानी भरा

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले में अलर्ट के दूसरे दिन बुधवार सुबह से घने बादल छाए रहे। दोपहर में मालाखेड़ा, सिलीसेढ़ व सरिस्का के क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है।

लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में बारिश होने से खेतों में पानी भर गया। अब बारिश होने से सिलीसेढ़ बांध में पानी की आवक बढ़ने लगी है। वैसे भी बांध करीब दो से ढाई फीट तक खाली है। बांध भरने के बाद जयसमंद में पानी की आवक बढ़ेगी। तेज बारिश अलर्ट के कारण अलवर कलेक्टर

- **सिलीसेढ़ बांध में पानी की आवक बढ़ने लगी**

ने दो दिन तक जिले में स्कूलों का अवकाश घोषित किया है। अलर्ट से पहली रात को जिले के कई हिस्सों में अच्छी बारिश हुई थी। वहीं जिले के अन्य ग्रामीण हिस्सों में बुधवार तड़के करीब तीन बजे से सुबह आठ बजे तक लगातार पांच घंटे अच्छी बारिश हुई। इससे खेतों में पानी भर गया और किसानों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों का कहना है कि इस बारिश से भूजल स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। सबसे अधिक गोविंदगढ़ में 45, थानागाजी में 11, लक्ष्मणगढ़ में 22 और बाकी जगहों पर 2 से 11 मिमी बारिश हुई है। सिलीसेढ़ बांध में अब 26.3 फीट पानी है, जबकि 28.9 फीट के बाद ऊपरा चल सकेगी। जबकि अलर्ट से पहली रात को अलवर में 22, जयसमंद में 30, सोडावास में 24, सिलीसेढ़ में 21, राजगढ़ में 21 सहित अन्य जगहों पर भी हल्की बारिश हुई थी।

# डिग्गी में दो युवक डूबे, तलाश जारी

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के फतेहगढ़ तहसील के रणधा गांव में बुधवार दोपहर में युवक पानी की डिग्गी में डूब गए। ग्रामीणों की मदद से व जेसीबी से युवकों की तलाश की जा रही है, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

आसपास के लोगों ने उनको पानी में तैरते हुए देखा था। कुछ देर बाद जब वो नजर नहीं आए तो उनकी तलाश करने पर डिग्गी के बाहर जूते चप्पल नजर आए। हादसा फतेहसिंह नामक किसान के खेत में हुआ। युवकों के पानी में डूबने की आशंका के चलते लोगों में सनसनी फैल गई, मगर डिग्गी गहरी होने के कारण वे पानी में नहीं उतर सके। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व झिनझिनयाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से व जेसीबी की मदद से युवकों की तलाश की जा रही है।


राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
क्रमांक निदे/अ.ख.अ.नीलामी/निलामी (ERCC/RCC 14)/2025/ई-12004
**ई-नीलामी विज्ञप्ति संख्या-(ERCC/RCC 14)/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 49 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे-ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्ते विभागीय वेबसाइट www.:mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेट फार्म प्रदाता कंपनी RailTel की वेबसाइट www.://rajminorrccerce.enivida.com पर उपलब्ध हैं।

(दीपक तंवर)
निदेशक
DIPR/C/10426/2025



राजस्थान सरकार
**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**
विभागीय दूरभाष नं. 0294-2415091 विभागीय एक्सटेंशन नम्बर 211, 212 व 219
क्रमांक निदे / अ.ख.अ. नीलामी / निलामी (QL 2)/2025/ई-11996
**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-III के तहत अप्रधान खनिजों के 193 क्वारी लाईसेंस प्लॉटों का आंवटन किये जाने के लिए ई-नीलामी के माध्यम से इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर बोली आमंत्रित की जाती है। क्वारी लाईसेंस प्लॉटों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः-

| जिला | तहसील | राजस्व ग्राम | खनिज का नाम | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| चित्तौडगढ | निम्बाहेडा | बिनोता | लाइमस्टोन (खण्डा, पट्टी, फर्शी) | 14 |
| | | | लाइमस्टोन (खण्डा, पट्टी, फर्शी) | 2 |
| | बेंगू | रावडदा | सैण्ड स्टोन | 76 |
| जोधपुर | शेरगढ़ | शिवपुरा | सेण्ड स्टोन | 51 |
| डीडवाना-कुचामन | मकराना | मकराना | मार्बल | 1 |
| भीलवाडा | बिजौलिया | तिलिस्वां | सैण्ड स्टोन | 2 |
| | | पचानपुरा | सेण्डस्टोन | 28 |
| | | बिजोलिया खुर्द | सैण्ड स्टोन | 4 |
| | | खड़ीपुर | सैण्ड स्टोन | 3 |
| | | सुखपुरा | सेण्डस्टोन | 12 |
| | | कुल प्लॉट | | 193 |

क्वारी लाईसेंस प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी मेसर्स रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड के enivida portal https://rajminorblocks.enivida.com पर उपलब्ध है।

(दीपक तंवर)
निदेशक
DIPR/C/10452/2025


# सवाई माधोपुर में बाढ़ के हालात



एसडीआरएफ की दो अलग-अलग टीमों ने चम्बल नदी और लटिया नाले में फंसे नागरिकों को रेस्क्यू किया।

**सवाई माधोपुर,** (निस)। जिले में लगातार हो रही मूसलधार वर्षा और जल स्त्रोतों के उफान के बीच बुधवार प्रातः एसडीआरएफ कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशन में एसडीआरएफ की दो अलग-अलग टीमों ने चम्बल नदी और लटिया नाले में फंसे 16 नागरिकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर जान बचाई।

प्रातः 5:10 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से मिली सूचना के आधार पर भरतपुर की सी कम्पनी खण्डार थाना क्षेत्र में तैनात टीम सी-7 को मईकलां गांव में चम्बल नदी के तेज बहाव में फंसे ग्रामीणों के रेस्क्यू के लिए रवाना किया गया। वहीं हैडकांस्टेबल अशोक कुमार के नेतृत्व में 10 जवानों की टीम आपदा राहत उपकरणों एवं मोटर बोट के साथ मौके पर पहुंची। क्षेत्र में कोटा बैराज के गेट खोलने के कारण नदी उफान पर थी और गांव में पानी भर गया था। रेस्क्यू टीम ने त्वरित कार्रवाई करते

- **चम्बल नदी व लटिया नाले में फंसे 16 लोगों को बचाया**
- **ग्रामीणों के साथ 40 मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया**

हुए 3 पुरुष, 2 महिलाएं और 4 बच्चों सहित कुल 9 नागरिकों को लाइफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित निकाला और नाव से सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। इसके साथ ही ग्रामीणों के 40 मवेशियों को भी बहाव से सुरक्षित बाहर लाया गया। इसी प्रकार दूसरी ओर सवाई माधोपुर शहर के समीप लटिया नाले के तेज बहाव में फंसे 7 नागरिकों को भी एसडीआरएफ की सी-08 टीम ने प्रातः पांच बजे सूचना मिलने के बाद प्रातः 5:50 बजे तक पहुंचकर सफलतापूर्वक बचाया। यह टीम रिजर्व पुलिस लाइन सवाई माधोपुर में तैनात थी और इसका नेतृत्व हैडकांस्टेबल धारा सिंह कर रहे थे। लटिया नाले का मिर्जा मोहल्ला और अंसारी मोहल्ला क्षेत्रों में 3 से 4 फीट पानी भर चुका था, जिससे कुछ मकान जलमग्न हो गए। रेस्क्यू टीम ने रस्सियों और लाइफ बॉय की मदद से बाढ़ग्रस्त मकानों तक पहुंच बनाई और सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला। दूसरी ओर मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीना ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और स्थानीय निवासियों से संवाद कर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने लटिया नाले के उफान से शहर के रैगर मोहल्ला, मिर्जा मोहल्ला, अंसारी मोहल्ला, प्रजापत मोहल्ला, खटीक मोहल्ला व अन्य कॉलोनियों में हुई जलभराव की गंभीर स्थिति पर चिंता जताई।

# सरिस्का टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बढ़ते अवैध कब्जों पर कार्रवाई होगी

**अलवर,** (निसं)। सरिस्का टाइगर रिजर्व क्षेत्र में फैली बहुमूल्य वन भूमि पर बढ़ते अवैध कब्जों को लेकर अब प्रशासन सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। प्रशासन को अब सरिस्का टाइगर रिजर्व के बफर जोन व क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट (सीटीएच) से एक किलोमीटर के दायरे में बने होटल व रिसॉर्ट पर कार्रवाई करनी होगी। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी साफ कर दिया है कि अतिक्रमण पर अग्रिम कार्रवाई राजस्व और यूआईटी को करनी होगी। बाघों के संरक्षण में कोई बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि प्रशासन अब अपना बुलडोजर बाहर निकालेगा और सिलीसेढ़, टहला, अजबगढ़ आदि एरिया में सरिस्का की जमीन पर हुए अतिक्रमण हटाए जाएंगे। वहीं, सरिस्का प्रशासन ने भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन से सरिस्का की जमीनों पर हुए अतिक्रमण का डेटा मांगा था।

- **केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी साफ कर दिया है कि अतिक्रमण पर अग्रिम कार्रवाई राजस्व और यूआईटी को करनी होगी**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरिस्का बफर में क्षेत्र में बने हुए होटल राजस्व और यूआईटी के क्षेत्र में हैं। जिला प्रशासन की ओर से किए गए सर्वे की रिपोर्ट के बाद उन्हीं विभागों को अग्रिम कार्रवाई करनी है। किसी भी प्रकार का काम, जो अवैध हो और जो बाघों के संरक्षण के लिए हानिकारक होगा, उसे होने नहीं दिया जाएगा। इससे साफ हो गया है कि अब प्रशासन को कार्रवाई आगे बढ़ानी होगी।

प्रशासन की ओर से कुछ माह पहले कराए गए सर्वे में पाया गया था कि सिलीसेढ़ में 14 होटल बफर राजस्व एरिया में बने हुए हैं। इसके अलावा अन्य प्रतिष्ठान भी बफर एरिया में बने हुए हैं, जिन्हें सर्वे में छोड़ दिया गया। अब वे भी सर्वे के दायरे में आएंगे। इसके अलावा टहला एरिया में क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट से एक किलोमीटर के दायरे में 34 होटल आ रहे हैं। अजबगढ़ एरिया में भी 18 होटल व रिसॉर्ट हैं। इन सभी को किसी न किसी प्रकार से नोटिस तो जारी हुए, लेकिन उसके बाद प्रशासन ने इन सब मामलों को दबा दिया, लेकिन अब सरिस्का के संरक्षण की बात सामने आ रही है। पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण पर कार्रवाई के आदेश किए थे और अब भी मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। ऐसे में प्रशासन को अब आगे आना होगा।


**सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर**
(स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय ,बीकानेर)
क्रमांकः साविम / स्था / 2025 / 1475 दिनांकः 29.07.2025
**आवश्यकता/सूचना**

कुलसचिव, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के पत्र क्रमांकः प.212 /SKRAU /Estt /Gr I /2025 /815 दिनांक 28.07.2025 के संदर्भ में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को अकादमिक सत्र 2025–26 के प्रथम सेमेस्टर में विभिन्न विषय खाद्य एवं पोषण, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान, मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन, परिधान एवं वस्त्र विज्ञान, प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन और शरिरिक प्रशिक्षक शिक्षक को पढ़ाने हेतु अथिति संकाय के रूप में योग्य शिक्षकों की अंशकालीन आवश्यकता है। इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी (स्नातकोत्तर के साथ NET अथवा Ph -D) या रिटायर्ड कॉलेज शिक्षक (70 वर्ष से कम आयु वाले) अपने बायोडाटा के साथ मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र और एक अतिरिक्त प्रतिलिपि सेट स्वः प्रमाणित साथ लेकर दिनांक 01.08.2025 को सुबह 10.00 बजे अधिष्ठाता कार्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में साक्षात्कार हेतु व्यक्तिशः उपस्थित होवे। अथिति संकाय शिक्षकों को विश्वविधालय नियमानुसार मानदेय देय होगा। चयन प्रकिया के समस्त अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगें ।

अधिष्ठाता : सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर– 334006
राज.संवाद / सी / 25 / 7170 अधिष्ठाता


# बारिश और अंधड़ से 100 साल पुराना पेड़ गिरा, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के मंगला चौक में बारिश और अंधड़ के चलते 100 साल पुराना पेड़ गिरने से कार और ऑटो क्षतिग्रस्त हो गये और बिजली के तार टूट गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार पुराने शहर भीलवाड़ा ने करीब 100 वर्षों पुराना पेड़ बारिश के बीच अचानक गिर गया। पेड़ के नीचे दबने से एक कार और ऑटो क्षतिग्रस्त हो गये, जबकि कई विद्युत पोल और तार टूटने से क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सूचना पर निगम की टीम मौके पर पहुंची और रोड क्लियर करवाया। हादसे की सूचना पर मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ भी जमा हो गई। निगम और सिक्योर कंपनी की टीम ने पेड़ की कटाई कर उसे हटाने के इंतजाम किए। पेड़ की टहनियों से एक मंदिर का दरवाजा और सीढ़ियों को भी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
दिनांक :- 30/07/2025
**ई-निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| F.9(1)41/CC/2022/ 2025-13 Dated 25.07.202 UBN No. MML2526GLOB00071 | कसनाऊ मातासुख लिग्नाइट माइंस गांव–मातासुख तहसील–जायल नागौर में एक 11 / √3 केवी न्यूट्रल ग्राउंडिंग रेजिस्टर (एनजीआर) की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण (निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित कार्य)। अनुमानित मूल्य (रू.) 10.40 लाख, धरोहर राशि (रू.) – 20,800 /–, निविदा राशि– 1180 /– अहस्तान्तरणीय जी.एस.टी. सहित। ई–निविदा प्रक्रिया शुल्क रूपये 500 /– का डी.डी. जो कि एम.डी., आर.आई.एस.एल., जयपुर के नाम देय हो। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी–अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
राज.संवाद/सी/25/7178 उप महाप्रबन्धक (का. एवं प्रशा.)



**भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**
क्रमांक :- लेखा/भ.वि.प्रा./2025-26/10881 दिनांक :- 28/07/2025
**ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 11/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भरतपुर विकास प्राधिकरण, में उपयुक्त श्रेणी एवं विभिन्न विभागों में ए तथा एए श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ईप्रोक्योरमेन्ट प्रकिया से कुल 04 कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेवसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur एवं http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है।

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in portal का अवलोकन करें।

UBN विवरण :– 01 WAQ2526WSOB00166, 02. WAQ2526WSOB00167, 03. WAQ2526WSRC00168, 04. WAQ2526WSOB00169
राज.संवाद/सी/25/7188 अधिशाषी अभियंता - प्रथम



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल केशवराय पाटन जिला - बून्दी (राज0)**
npalika3@gmail.com ph.no. 07438-264346
क्रमांक :– न0पा0के0पा0 / निर्माण / 2025–26 / 1305–1307 दिनांक :–25.07.2025
**ई–निविदा सूचना संख्या 02/2025–26**

नगर पालिका के0पाटन द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु नगर पालिका के0पाटन में पंजीकृत कार्यो के अनुसार सक्षम स्तर के संवेदक एवं अन्य विभागों में पंजीकृत AA,A श्रेणी के संवेदकों से द्वी लिफाफा पद्वति/ई–निविदा पद्वति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 25.07.2025 से दिनांक 08.08.2025 प्रातः 9.00 बजे तक है। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| Sr. No. | UBN No. | Sr. No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB12628 | 2 | DLB2526WSOB12629 |
| 3 | DLB2526WSOB12630 | 4 | DLB2526WSOB12631 |
| 5 | DLB2526WSOB12633 | TENDOR COST – 24.65 LACS | |

राज.संवाद / सी / 25 / 7044 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी


# अवैध बजरी भरे तीन डम्पर जब्त, चालक गिरफ्तार

**माण्डलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के बीगोद थाना क्षेत्र में भीलवाड़ा पुलिस की स्पेशल टीम (डीएसटी) ने बजरी माफ़िया पर बड़ी कार्रवाई की है। बनास नदी की ओवरलोड अवैध बजरी परिवहन करते तीन डम्परों को जब्त किया है। पुलिस ने डम्पर चालकों को भी गिरफ्तार कर लिया है। खनिज विभाग ने डम्पर चालकों के खिलाफ बीगोद थाने में मामला दर्ज कराया है।

भीलवाड़ा की स्पेशल टीम ने बुधवार को जोजवा-धाकड़खेड़ी सड़क मार्ग पर जा रहे अवैध बजरी भरे ओवरलोड तीन डम्परों को जब्त किया और वाहनों को बीगोद थाने लाकर खड़ा कराया। पुलिस जांच के दौरान तीनों डम्पर के पास बजरी ओरिवहन के वैध दस्तावेज नहीं मिले।

डम्पर चालकों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि बनास नदी किनारे खटवाड़ा गांव के पास बजरी स्टॉक से जेसीबी से तीनों डम्पर में बजरी भरी गई और मध्यप्रदेश में सप्लाई के लिए ले जाई जा रही थी। सूचना पर खनिज विभाग के फोरमैन ने बीगोद थाने पहुंच कर तीनों अवैध बजरी के डम्पर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने डम्पर चालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। खनिज विभाग के मुताबिक पुलिस कार्रवाई के साथ अवैध बजरी खनन ओर परिवहन करने पर जब्त डम्परों से 15 लाख 72 हजार राशि जुर्माना के रूप में वसूली जाएगी। वहीं परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड़ की अलग से कार्रवाई की जाएगी और स्टॉक संचालक व जेसीबी को भी जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# अधेड़ से मारपीट की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रायपुर में खेत में पशु प्रवेश करवाने की रिपोर्ट दर्ज करवाने जाना अधेड़ को उस वक्त भारी पड़ गया, जब थाने के सिपाही दशरथ सिंह ने मारपीट कर दी, जिसके कारण अधेड़ का कान का पर्दा भी फट गया, जिसके बाद घायल अधेड़ को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं परिजनों ने एसपी से आरोपी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की है। घायल के परिजन जगदीश तेली ने कहा कि कोशिथल में रहने वाले मेरे साढू नंद लाल तेली के खेत में शंकर लाल तेली अपने मवेशी चरने के लिए छोड़ देता है, जिसकी उलाहना देने पर शंकर लाल ने नंद लाल से मारपीट की और जब हम इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाने रायपुर थाने में गए तो वहां बीट प्रभारी दशरथ सिंह ने शंकरलाल से सांठ-गांठ करते हुए हमारी रिपोर्ट लेने से इंकार कर दिया और 15 हजार रूपए की मांग रखी।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कोटा**
क्रमांक-खअ/कोटा/अना./नीलामी/2025/684 दिनांक-21.07.2025
**नीलामी सूचना प्रकाशन 05/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय खनि अभियन्ता कोटा क्षेत्राधिकार में विभिन्न राजस्व ग्रामों के खातेदारी/सरकारी खसरों में अवैध खनन/निर्गमन चैकिंग के दौरान आरएमएमसीआर 2017 के नियम 54 व 60 के तहत जब्तशुदा खनिज बजरी काली/बनास/मेसनरी स्टोन जैसी भी जितनी भी जहां भी है, उसी स्थिति में नीलामी हेतु दरे सीलबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न तालिका व विभागीय वेबसाईट www.mines.rajasthan.gov.in एवं पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in तथा कार्यालय नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी प्रपत्र राशि रूपये 100 का डी.डी./बैंकर्स चैक खनि अभियन्ता कोटा के नाम जमा कराकर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय खनि अभियन्ता, खनिज भवन, प्लॉट नं. 3, टैगोर नगर, रावतभाटा रोड, कोटा से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. सं. | राजस्वग्राम एवं खसरा संख्या तहसील (जहाँ जब्तशुदा काली बजरी पडी है) | खनिज की अनुमानित मात्रा (टनों में) | बयाना/अमानत राशि (रू.में) | निविदा आमंत्रण तिथी | निविदा खोलने की तिथी | न्यूनतम बोली राशि (रू.में)/ प्रति टन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **नीलामी हेतु खनिज काली बजरी का संक्षिप्त विवरण** | | | | | |
| 1 | खसरा 643 किस्म खातेदारी ग्राम खेडीयामान तहसील इन्द्रगढ जिला बुंदी | 80 टन | 3600 | 04.08.2025 | 05.08.2025 | 450 |
| 2 | खसरा 364 किस्म खातेदारी ग्राम खेडीयादुर्जन तहसील इन्द्रगढ जिला बुंदी | 300 टन | 13500 | 04.08.2025 | 05.08.2025 | 450 |
| 3 | खसरा 757 किस्म बारानी खातेदारी ग्राम झालीजी का बराना तहसील के. पाटन जिला बूंदी | 300 टन | 13500 | 04.08.2025 | 05.08.2025 | 450 |
| 4 | ग्राम सुल्तानपुर तहसील दीगोद जिला कोटा | 30 टन | 1350 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 5 | खसरा सं. 1408/516 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा | 30 टन | 1350 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 6 | खसरा सं. 01 ग्राम खातोली जिला कोटा | 150 टन | 6750 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 7 | खसरा सं. 525 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 4500 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 8 | खसरा सं. 03 ग्राम खातोली जिला कोटा | 100 टन | 4500 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 9 | खासरा सं. 1342/57 खातोली से सवाईमाधोपुर रोड ग्राम खातोली जिला कोटा | 80 टन | 3600 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 10 | खातोली इटावा रोड आवासीय कॉलोनी ग्राम खातोली इटावा जिला कोटा | 870 टन | 39150 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 11 | खसरा संख्या 845 ग्राम गैंता तहसील पीपल्दा जिला कोटा | 400 टन | 18000 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 12 | ग्राम राजपुरा बम्बूलिया मुख्य सडक की ओर | 400 टन | 18000 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 13 | ग्राम राजपुरा तहसील पीपल्दा जिला कोटा | 500 टन | 22500 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 14 | ग्राम हवा खेरली तहसील पीपल्दा जिला कोटा (हवा खेरली मुख्य सडक किनारे) | 300 टन | 13500 | 05.08.2025 | 06.08.2025 | 450 |
| 15 | ग्राम फतेहपुरखुश्क तहसील तहसील दीगोद (सरपंच के घर के परिसर में) | 20 टन | 900 | 06.08.2025 | 07.08.2025 | 450 |
| 16 | ग्राम मण्डावरा तहसील दीगोद जिला कोटा | 80 टन | 3600 | 06.08.2025 | 07.08.2025 | 450 |
| 17 | ग्राम फतेहपुरखुश्क तहसील तहसील दीमोद | 150 टन | 6750 | 06.08.2025 | 07.08.2025 | 450 |
| 18 | ग्राम झोटोली (सुल्तानपुरा मण्डावरा रोड के किनारे) | 540 टन | 24300 | 06.08.2025 | 07.08.2025 | 450 |
| 19 | ग्राम झोटोली (सुल्तानपुरा मण्डावरा रोड के किनारे) | 151 टन | 6795 | 06.08.2025 | 07.08.2025 | 450 |
| 20 | ग्राम आमोरा ग्राम पंचायत बमोरी तहसील दीमोद (सरपंच निवासी आमोरा के मकान के सामने) | 210 टन | 9450 | 06.08.2025 | 07.08.2025 | 450 |
| | **नीलामी हेतु बनास बजरी का संक्षिप्त विवरण-** | | | | | |
| 1 | ग्राम केशोपुरा तहसील पीपल्दा जिला कोटा | 2016 टन | 141120 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| 2 | पुलिस थाना महावीर नगर, जिला कोटा | 68 टन | 4760 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| 3 | पुलिस थाना उद्योग नगर, जिला कोटा | 135 टन | 9450 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| 4 | पुलिस थाना अयाना जिला कोटा | 360 टन | 10150 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| 5 | पुलिस थाना भीमगंजमण्डी जिला कोटा स्थान उम्मेद सिंह स्टेडियम | 145 टन | 10150 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| 6 | पुलिस थाना बोरखेड़ा, जिला कोटा | 99 टन | 6930 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| 7 | पुलिस थाना रेल्वे कॉलोनी, जिला कोटा | 160 टन | 11200 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| 8 | कार्यालय परिसर खनिज भवन, टैगोर नगर, प्लॉट नम्बर 3, रावतभाटा रोड,कोटा | 90 टन | 6300 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 700 |
| | **नीलामी हेतु मेसनरी स्टोन का संक्षिप्त विवरण** | | | | | |
| 1 | खसरा संख्या 735 ग्राम दीपपुरा तहसील लाडपुरा जिला कोटा | 1250 टन | 43750 | 07.08.2025 | 08.08.2025 | 350 |

समूहो में पडे जब्तशुदा खनिज काली बजरी/बनास बजरी/मेसनरी स्टोन की प्रत्येक समूह के लिए अलग-अलग बोली दरे सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रण तिथी को प्रात 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय खनि अभियन्ता खनिज भवन, प्लॉट नं. 3, टैगोर नगर, रावतभाटा रोड, कोटा के कमरा नम्बर 112 में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित समय तक प्राप्त सीलबन्द निविदाएं कमेटी द्वारा निविदा खोलने की तिथी को प्रात 11 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खनि अभियन्ता कोटा कक्ष संख्या 114 में खोली जायेगी। नीलामी की शर्ते कार्यालय खनि अभियन्ता कोटा व विभागीय वेबसाईट www.mines.rajasthan.gov.in एवं पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हे।

DIPR/C/10479/2025 (आर.एन. मंगल) खनि अभियन्ता कोटा

## तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते अधिशासी अभियंता गिरफ्तार

**जयपुर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने कार्रवाई करते हुए पेंडिंग बिलों को मंजूरी देने के एवज में तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के कार्यकारी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को गिरफ्तार किया। एक्सईएन के दिल्ली और जयपुर स्थित घरों पर टीम ने तलाशी ली। टीम को 1 करोड़ 60 लाख रुपये नकद मिला। सीबीआई टीम एक्सईएन से पूछताछ कर रही है। सीबीआई के अनुसार कि गिरफ्तार एक्सईएन के खिलाफ 28 जुलाई को सीबीआई कार्यालय में मामला दर्ज हुआ था कि एक्सईएन पेंडिंग बिलों के पेमेंट करने के लिए बकाया बिल का तीन प्रतिशत कमीशन के तीस हजार रुपये की रिश्वत में मांगा रहा है। यह रिश्वत पेंडिंग बिलों को मंजूरी देने के एवज में मांगी गई थी।

सीबीआई टीम की ओर से ट्रैप का जाल बिछाया गया और शिकायतकर्ता को रिश्वत के तीस हजार रुपए देकर भेजा गया। रिश्वत के तीस हजार रुपए लेते ही सीबीआई टीम ने आरोपित अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को पकड़ लिया।सीबीआई टीमों ने एक्सईएन के दिल्ली और जयपुर स्थित ठिकानों पर तलाशी ली। जहां टीम को सर्च में कैश के अलावा,प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट मिले हैं।

# 'अधिकारी बाढ़ संभावित इलाको को सूचिबद्ध कर कार्मिक नियुक्त करें'

## मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंतर बारिश के चलते अधिकारी अलर्ट मोड में रहे

- **मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन पूरी सक्रियता से काम करे।**
- **आपदा की स्थिति में राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 1070 तथा 112 एवं जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 1077 पर करें संपर्क**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हो रही निंरतर बारिश के चलते अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ काम करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलभराव वाले स्थानों पर सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ काम करें जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आपदा राहत प्रबंधन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रही निरंतर बारिश के चलते अधिकतर बांध, नदियां, तालाब और जलाशय लबालब भर चुके हैं। ऐसे में अधिकारी इनके जल स्तर संबधी अपडेट लेते हुए निचले और बाढ़ संभावित इलाकों को सूचीबद्ध कर कार्मिक नियुक्त करें तथा उन क्षेत्रों की विशेष निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार चेतावनी बोर्ड लगाकर किसी भी तरह की दुर्घटना से रोका जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और होमगॉर्ड्स के दल पर्याप्त संसाधनों के साथ अलर्ट रहें तथा आमजन की आवाजाही को ऐसे स्थानों पर निषेध किया जाए। साथ ही, रपट जैसे स्थानों पर पानी चलने के दौरान अस्थायी चौकी लगाकर वाहनों का आवागमन रोका जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन पूरी सक्रियता से काम करे। शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की कि बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतें। भारी बारिश, आकाशीय बिजली एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए भी पूरी तरह सतर्क रहें। बाढ़ग्रस्त मार्गों, पुलों और तेज बहाव वाले नदी-नालों को पार करने से बचें। साथ ही, प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। किसी भी तरह की आपदा की स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम को जानकारी दें जिससे राहत कार्यों में तेजी आ सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 1070 तथा 112 एवं जिला स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 1077 का 24ग्7 संचालन किया जा रहा है। अधिकारी कंट्रोल रूम में आई शिकायतों पर त्वरित एक्शन लेते हुए आमजन को शीघ्र राहत पहुंचाएं। उन्होंने अधिकारियों को अतिवृष्टि से प्रभावित आमजन और पशुधन को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित करने तथा वहां साफ पानी के साथ नियमित सफाई भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता और सेवाओं को सुचारू रखा जाए। जलभराव क्षेत्रों में प्रभावित लोगों को पेयजल-खाद्य सामग्री सहित जरूरी वस्तुओं की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जलभराव वाले स्थानों पर मौसमी बीमारियों की रोकथाम, दवाईयों की पर्याप्त आपूर्ति, अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा सहायता जैसे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दें।

## रोज़ी बारोलिया बनीं ट्रांसजेंडर प्रकोष्ठ की प्रथम प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर।** राजस्थान की सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में आज एक नया इतिहास रचा गया है। राजस्थान प्रवासी संघ ने ट्रांसजेंडर समुदाय की आवाज़ को मज़बूती देने और उन्हें राजनीतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक मुख्यधारा में लाने हेतु एक विशेष पहल करते हुए ट्रांसजेंडर प्रकोष्ठ की स्थापना की है। इस प्रकोष्ठ की प्रथम प्रदेशाध्यक्ष के रूप में रोज़ी बारोलिया को नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति प्रवासी संघ के प्रदेशाध्यक्ष भीम सिंह कसनिया द्वारा की गई है। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरुण राठी, जो कि उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं, के मार्गदर्शन में यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया।

इस अवसर पर रोज़ी को एक नया नाम - रोज़ी राजस्थानी - भी प्रदान किया गया, जो राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, गौरव और गरिमा का प्रतीक माना गया।

यह नाम रोज़ी की पहचान को एक नया आयाम देने के साथ-साथ, राज्य की विविधता में एकता को भी दर्शाता है।

रोज़ी बारोलिया ने इस अवसर पर केंद्र सरकार से राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर आयोग की स्थापना की माँग की। उनका कहना है कि राजस्थान को भारत का पहला पायलट स्टेट बनाया जाए।

## सार-समाचार

### मेगा मानसून ऑफर को बाजारों में ज़बरदस्त प्रतिक्रिया



**जयपुर।** राजस्थान की पहली एगमार्क प्रमाणित मसाला कंपनी पिंक सिटी मिल्स द्वारा प्रारंभ की गई मेगा मानसून ऑफर - 2025 को देशभर के खुदरा बाज़ारों से अत्यंत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है। यह विशेष योजना उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। इस अभूतपूर्व योजना के तहत अब तक 72,000 से अधिक छाते वितरित किए जा चुके हैं देश के विभिन्न राज्यों में काम कर रहे खुदरा विक्रेता कंपनियां इस योजना से अत्यधिक संतुष्ट हैं और पिंक सिटी मिल्स को भरपूर समर्थन प्रदान कर रही हैं। यह योजना अब अपने अंतिम चरण में है - बस एक दिन शेष है। ऐसे में सभी व्यापारिक साझेदारों और खुदरा विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे इस एकमुश्त सुनहरे अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने ग्राहकों को मानसून की सौगात दें। ''हिंदुस्तान की शान - खाने में डालें जान, अब विदेश में भी बनी हिंदुस्तानी शान!''पिंक सिटी मिल्स की यही सोच इसे देश के कोने-कोने में ग्राहकों के बीच लोकप्रिय बना रही है। पिंक सिटी मिल्स (पीसीएम मसाला) को मिल रही जबरदस्त बाज़ार प्रतिक्रिया पारंपरिक स्वाद और आधुनिक रुझानों का संगम बना लोकप्रियता का कारण और यह भी सूचित किया गया कि पीसीएम मसाला वर्तमान में 70 से अधिक उत्पादों का उत्पादन कर रहा है।

### पेचकस से युवक की हत्या करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर।** मालपुरा गेट थाना इलाके में पत्नी से कहासुनी होने पर वार्ड बॉय की पेचकस से हत्या करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्यारों से वारदात में काम ली गई बाइक और पेचकस को जब्त कर लिया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर मनीष अग्रवाल ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्नी से कहासुनी होने पर वार्ड बॉय दीनदयाल बैरवा (26) की हत्या के आरोप में हरेंद्र सिंह चौहान (26) निवासी मानसरोवर, लाला सिंह उर्फ जितेंद्र सिंह नरुका (24) निवासी मानसरोवर और गणेश प्रजापत (19) निवासी प्रताप नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्यारों से वारदात में काम ली गई बाइक और पेचकस को जब्त कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक दीनदयाल की हरेंद्र की पत्नी से कहासुनी हो गई थी। इस पर महिला ने अपने पति हरेंद्र सिंह को इस बारे में बताया। हरेंद्र ने अपने दोस्त लाला और गणेश के साथ मिलकर पीछा किया। इसमें से एक हमलावर ने पहले पेचकस निकालकर दीनदयाल की पीठ पर वार किया। इसके बाद गले में पेचकस घोंप दिया। निढाल होकर दीनदयाल के सड़क पर गिरने पर तीनों बदमाश बाइक पर बैठकर फरार हो गए। दीनदयाल के श्वास नली में पेचकस लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### आर्ट ऑफ लिविंग निर्माण नगर सेंटर में सत्संग का आयोजन



**जयपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग निर्माण नगर सेंटर पर आयोजित विशेष रुद्र पूजन और सत्संग ने श्रद्धालुओं को एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया। यह आयोजन बेंगलुरु आश्रम से पधारे वैदिक पंडितों और स्वामी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पूजन एवं सत्संग में 100 से अधिक साधकों ने भाग लिया, जिनमें शहर के कई चिकित्सक भी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आर्ट ऑफ लिविंग फैकल्टी डॉ. अनुराधा सरस्वत द्वारा किया गया। शुद्ध वैदिक मंत्रोच्चार, ध्यान और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन ने प्रतिभागियों को गहन शांति, ऊर्जा और आनंद का अनुभव कराया। आयोजन में शामिल सभी लोगों ने रुद्र पूजन की दिव्यता और सत्संग की भक्ति-भावना को आत्मसात किया। आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर न केवल एक आध्यात्मिक साधना स्थल है, बल्कि यह क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य और वेलनेस का केंद्र भी बनता जा रहा है।

### पडौसी ने किया नाबालिग लड़की से दुष्कर्म

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में चौदह वर्षीय एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि वह पीने का पानी लेने निर्माणाधीन बिल्डिंग में गई थी। जहां पीछा करते आए आरोपित पड़ोसी ने डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। इस संबंध में थाने में पीड़ित नाबालिग लड़की के पिता ने मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि मुहाना के रहने वाले व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी चौदह वर्षीय एक नाबालिग लड़की के साथ पड़ोस में रहने वाले लड़के ने दुष्कर्म किया है। आरोप है कि 28 जुलाई की रात परिवार के सभी लोग घर पर ही थे। इस दौरान नाबालिग बेटी पीने का पानी लेने के लिए पास ही निर्माणाधीन बिल्डिंग में गई थी। इस दौरान पीछा करते हुए आरोपित पड़ोसी भी वहां पहुंच गया। नाबालिग लड़की को अकेला पाकर आरोपी ने जबरदस्ती की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी नाबालिग पीड़िता ने घर आकर परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोपित पड़ोसी की करतूत का पता चलने पर परिजनों ने थाने में मामला दर्ज करवाया।

### अपहरण करने वाली महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** सदर थाना पुलिस ने मंगलवार को हुए डेढ़ साल के बच्चे के अपहरण का मामला सुलझाते हुए बच्चे को सकुशल मुक्त करवाते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। शातिर महिला पुलिस को चकमा देने के लिए कई ट्रेन बदलते हुए अपने ठिकाने पर पहुंची। लेकिन पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खगालते हुए आरोपी महिला को दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि आरोपित महिला रेखा देवी (46) पत्नी विनोद नीमकाथाना जिला सीकर हाल कोठपुतली कॉलोनी,कच्ची बस्ती निवासी को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नागौर के नावां रेलवे स्टेशन के पास कच्ची बस्ती से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि उसकी बेटी की शादी को कई साल बीत जाने के बाद भी उसके बच्चा नहीं हुआ। उसे बच्चा देने के लिए उसने डेढ़ साल के बालक का अपहरण किया और कई ट्रेन बदलते हुए वो अपने ठिकाने पर पहुंच गई।

### स्मैक की सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शिवदासपुरा थाना इलाके में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 53 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) रियाल सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने शिवदासपुरा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले शिवम शर्मा (23) निवासी गुड़गांव (हरियाणा) हाल मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को तलाशी में उसके पास 53 ग्राम स्मैक मिली है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## जयपुर में कच्छा-बनियान गैंग फिर सक्रिय

- **नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसने के लिए खिड़कियां तोड़ी। घर में सो रहे लोगों के जागने पर बदमाश पत्थर फेंककर फरार हो गए।**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के मुहाना थाना इलाके में एक मकान में कच्छा-बनियान गैंग के बदमाशों के घुसने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसने के लिए खिड़कियां तोड़ी। घर में सो रहे लोगों के जागने पर बदमाश पत्थर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि थाना इलाके के गणेश नगर में बोद्धूराम और बाबूलाल चौधरी ने मामला दर्ज करवाया है कि उनके मकान में मंगलवार की रात को कच्छा-बनियान गैंग के बदमाश दीवार फांदकर मकान में अंदर घुसे।

सभी बदमाशों ने कच्छा और बनियान पहना हुआ था। इसके साथ ही मुंह पर कपड़े का नकाब डाला हुआ था। घर में घुसने के लिए बदमाशों ने टॉर्च जलाकर अंदर देखा। टॉर्च की रोशनी के चलते हॉल में सो रही बुजुर्ग माँ जाग गई।

बाहर से रोशनी आने की उन्होंने परिवार के अन्य लोगों को जगा कर बताया। परिवार के लोगों के जागने के दौरान नकाबपोश चार बदमाश अंदर प्रवेश के लिए मकान की दो खिड़कियां तोड़ते दिखे।

परिवार के लोगों के शोर शराबा करने पर चोरों ने उन पर पत्थर फेंके। पत्थर फेंकते हुए बदमाश वहां से फरार हो गए।

कच्छा-बनियान गैंग के बदमाशों के मकान में चोरी के लिए घुसने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने पर नकाबपोश छह बदमाश नजर आए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

## जयपुर नगर निगम की गाड़ी अब पूरी तरह बेलगाम : खंडेलवाल

**जयपुर ।** जयपुर में साफ़-सफाई की जिम्मेदारी उठाने वाला नगर निगम अब खुद गंदगी फैलाने का प्रतीक बनता जा रहा है। लाखों की आबादी वाले शहर में स्वच्छता की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

ठेकेदार और हेल्पर गाड़ियों पर केवल 'दिखावे' के लिए तैनात हैं, असलियत में ये लोग घरों से कचरा उठाने की जगह गाड़ी पर बैठे-बैठे सड़कों से कबाड़ बीनकर दोहरी कमाई में मस्त हैं।

जयपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे गिरिराज खंडेलवाल ने इसे यह महज़ कचरे की नहीं, व्यवस्था की सड़ांध बताते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन द्वारा 7.20 करोड़ रुपये हर साल इस व्यवस्था पर खर्च हो रहे हैं लेकिन शहर गंदगी में डूबा है। ये लूट नहीं तो और क्या है?उन्होंने कहा कि सड़क पर पड़े कचरे में सिस्टम की सच्चाई सड़ रही है नगर निगम के सफाई ठेकेदारों द्वारा नियुक्त हेल्पर महज़ खानापूर्ति कर रहे हैं। उन्हें घर-घर से कचरा उठाने के लिए रखा गया है, लेकिन वे वाहन पर बैठकर कबाड़ बीनने में लगे हैं।

# भारतीय सेना का राजस्थान के रेगिस्तान में क्षमता वृद्धि प्रदर्शन का आयोजन




सप्त शक्ति कमान के चेतक कोर ने बुधवार को राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में' क्षमता संवर्धन प्रदर्शन 'का आयोजन किया।

**जयपुर।** सप्त शक्ति कमान के चेतक कोर ने बुधवार को राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में'क्षमता संवर्धन प्रदर्शन'का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान, सप्त शक्ति कमान के फोर्मेशन्स ने निगरानी, सशस्त्र और कामिकेज़ वेरिएंट सहित ड्रोन युद्ध में विभिन्न आंतरिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। इन फोर्मेशन्स ने ड्रोन विरोधी अभियानों में नवीन और उच्च-तकनीकी उपायों का भी प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन ने गहन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध वातावरण में वायु क्षेत्र के उपयोगकर्ताओं के संचालन कौशल को भी प्रमाणित किया। सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने क्षमता विकास प्रदर्शन देखा और सैन्य टुकड़ियों द्वारा विकसित आंतरिक क्षमताओं के उच्च मानकों की सराहना की। उन्होंने भविष्य के युद्ध परिदृश्यों में तकनीकी कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और भारतीय सेना की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विध्वंसकारी तकनीकों का निरंतर लाभ उठाने पर ज़ोर दिया। आर्मी कमांडर ने सभी प्रतिभागियों के कर्तव्यनिष्ठ समर्पण की सराहना की तथा उन्हें परिचालन तैयारियों के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। ड्रोन युद्धकला में आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ बनाती है तथा आधुनिक विषम युद्ध परिदृश्यों में सेना की सामरिक बढ़त को सशक्त करती है। यह रणनीतिक स्वायत्तता, तीव्र नवाचार एवं परिचालन प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चेतक कोर द्वारा आयोजित क्षमता संवर्धन प्रदर्शन सप्त शक्ति कमान की तकनीकी प्रभुत्व प्राप्त करने की अटल प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जिससे भारत की युद्धक क्षमता को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

# 'कॉर्पोरेट सेक्टर ने तीन वर्षों में सी.एस.आर. फंड में खर्च किए 92981 करोड़ रुपए'

- **इन विकास कार्यों में 26 अलग-अलग श्रेणियां विभाजित है**

**जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उद्यिमता के क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर साल दर साल बढ़ रहे है। भारतीय कॉर्पोरेट सेक्टर को हो रहे मुनाफे से कंपनियां सामाजिक उत्तरदायित्व भी बेहतर ढंग से निर्वहन कर रही है। देश में पिछले तीन वित्तीय वर्ष में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड में करीबन 7 हजार करोड़ रूपए की बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में जहां भारतीय कंपनियों द्वारा 27141 करोड़ रुपए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व क्षेत्र में खर्च किए गए थे, वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस फंड में 7 हजार करोड़ की बढ़ोतरी हुई और लगभग 34908 करोड़ रुपए कंपनियों ने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सामाजिक सशक्तिकरण जैसे अन्य कल्याणकारी कार्यों में खर्च किए। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल के जवाब में यह जानकारी कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सदन में दी। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 मे 27141 करोड़, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 30932 करोड़ और वित्तीय वर्ष 2023-24 में 34932 करोड़ रुपए भारतीय कंपनियों ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व क्षेत्र में खर्च किए। देश में सर्वाधिक सीएसआर फंड महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में खर्च किया गया। राजस्थान में इन तीन वर्षो में 3 हजार करोड़ रुपए कंपनियों ने सीएसआर निधि के तहत खर्च किए और विकास में सहयोग किया। देश में इन तीन वित्तीय वर्ष के दौरान सर्वाधिक महाराष्ट्र में 17177 करोड़ रुपए, गुजरात में 6380 करोड़, कर्नाटक में 6161 करोड और तमिलनाडु में 5046 करोड़ रुपए सीएसआर फंड से विकास कार्यों में खर्च किए गए। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि भारतीय कंपनियां कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अपने शुद्ध लाभांश का करीबन 2 प्रतिशत मुनाफा समाज में विकास कार्यों पर खर्च करते है। इन विकास कार्यों में 26 अलग-अलग श्रेणियां विभाजित है। इनमें मुख्य रूप से कृषि वानिकी, पशु कल्याण, सशस्त्र बल, पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, कला एवं संस्कृति, शिक्षा, प्राकृतिक संसाधनों का सरंक्षण, पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवाएं, गरीबी, भूखमरी उन्मूलन, कुपोषण उन्मूलन, सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता, वरिष्ठ नागरिक कल्याण, महिलाओं के लिए घर, सामाजिक आर्थिक समानताएं, खेल, व्यावसायिक कौशल सहित कई विकास क्षेत्र शामिल किए गए है।राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने बताया कि कॉर्पोरेट डाटा प्रबंधन प्रकोष्ठ के मुताबिक पिछले तीन सालों में सर्वाधिक शिक्षा क्षेत्र में धन राशि खर्च किए गए।

## ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को कुचला

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रक चालक ने स्कूटी सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। जिससे युवक की मौत हो गई । वहीं हादसे के बाद तेज रफ्तार ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस हेड कांस्टेबल पप्पू ने बताया कि मंगलवार देर रात सुभाष चौक निवासी सफान बैग (15) अपने चाचा शरीक के साथ आमेर गया था और फिर दोनो अपने घर लौट रहे थे। तभी नई माता मंदिर के पास अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हे पीछे से जोरदार टक्कर मारी। जिसे शरीक उछलकर दूर जा गिरा और सफान ट्रक की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

## जांच परिणामों की प्रति ऑनलाइन करवाई जाए उपलब्ध

**जयपुर ।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 की धारा 55 एवं 57 के अंतर्गत लम्बित प्रकरणों की जांच इस संबंध में जारी की गई मानक संचालन प्रक्रिया ( ) के अनुरूप निर्धारित समय में पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यवाही में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार समस्त प्रक्रियाएं पूरी की जाए, जिससे निर्बाध रूप से कार्यवाही सम्पन्न हो सके।

राजपाल बुधवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष से वीसी के माध्यम से राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम-2001 की धारा 55, 57 (1) एवं 57 (2) के तहत लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने इस संबंध में विगत दिनों में अर्जित की गई उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए आगामी समय में भी इसी भावना के साथ कार्य करते रहने की आवश्यकता व्यक्त की। राजपाल ने कहा कि उक्त धाराओं के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के जांच परिणामों की प्रति ऑनलाइन भी उपलब्ध होनी चाहिए। इसके लिए प्रधान कार्यालय के स्तर पर कवायद शुरू की जाए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि माननीय न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) स्तर पर इनकी समीक्षा की जाए। कोर्ट स्टे वाले प्रकरणों से स्टे हटवाने के प्रयास किए जाएं। पक्षकारों को नोटिस जारी करने, नोटिस की तामील करवाने एवं रिकॉर्ड की तामील आदि कार्य समयावधि में पूरे किए जाएं। जिन प्रकरणों में कार्यवाही सम्पन्न हो चुकी है, उनकी सूचना एवं जांच परिणाम आदि अविलम्ब प्रधान कार्यालय को भिजवाई जाए। साथ ही, जांच रिपोर्ट अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) कार्यालय को भी आवश्यक रूप से भिजवाई जाए।



दिन भर बारिश होने से वाहन जाम में फंसे रहे, यातायात रेंग-रेंग कर चला।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बन्धक बनाकर लूट व वसुली करने वाली गैग गिरफ्तार



पुलिस ने गैग के आरोपी प्रियंका, पंकज सिंह को गिरफ्तार किया।

**जयपुर।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती द्वारा इंस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज दोस्ती के झांसे में लेकर स्वयं के फ्लैट पर बुलाकर बंधक बना जबरन विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लूट व जबरन वसुली करने वाली गैग की युवती सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि यह गैग द्वारा जयपुर के बाहर के जिलों के लड़कों को टारगेट जयपुर बुलाकर घटना करते है। जो बदनामी के डर से पुलिस के पास नहीं जाते। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

1. डॉ. विजेन्द्र गौतम निर्वाचन अधिकारी महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, निवासी- ए-3511 जी, गणेश वाटिका-1, कल्लावाला, वाटिका रोड़, जयपुर एवं निर्वाचन कार्यालय— एफ-2, (73, 74, 75) प्रथम तल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर। 2. रमाकांत गौतम एडवोकेट सहायक निर्वाचन अधिकारी, महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, पता- 14, मधु विहार कॉलोनी, चोखी ढाणी, गोनेर मोड के पीछे, जयपुर, राजस्थान एवं निर्वाचन कार्यालय- एफ-2, (73, 74, 75) प्रथमतल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर। 3. पवन शर्मा सहायक निर्वाचन अधिकारी महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, निवासी- 102/34, प्रताप नगर, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर एवं निर्वाचन कार्यालय- एफ-2, (73, 74, 75) प्रथम तल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर। 4. भानू प्रकाश गौतम अध्यक्ष महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 5.ताराचन्द शास्त्री उपाध्यक्ष महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 6. विजय शंकर गौतम कोषाध्यक्ष महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 7.विजयेन्द्र गौतम सहायक मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 8. एडवोकेट नवनीत कमल शर्मा सहायक मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 9. मनीष शर्मा प्रचार मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 10. महावीर प्रसाद गौतम प्रचार मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 11. चौथमल कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 12.चंचल कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 13. अनिल जोशी कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 14.नगेन्द्र गौतम कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 15. मुरारी लाल शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति,16. चेतन प्रकाश व्यास, कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति,
17. विनोद कुमार गौतम कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, समस्त पता- पंजीकृत कार्यालय 986, बरकत नगर, किसान मार्ग, जयपुर, राजस्थान एवं एफ-2, (73, 74, 75) प्रथम तल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर वादी ने आपके विरुद्ध ......के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 01/8/25 को दिन में 10 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात में तारीख (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जा में व शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 30/7/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मुहर) अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम

---

**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक 4**
**न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश क्रम-2, जयपुर महानगर प्रथम**
**संतोष कुमार शर्मा बनाम डॉ. विजेन्द्र गौतम व अन्य**
वाद बाबत घोषणा, आज्ञात्मक एवं स्थायी निषेधाज्ञा
वाद संख्या 81 सन् 2025
अस्थाई निषेधाज्ञा प्रार्थना पत्र संख्या

1. डॉ. विजेन्द्र गौतम निर्वाचन अधिकारी महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, निवासी- ए-3511 जी, गणेश वाटिका-1, कल्लावाला, वाटिका रोड़, जयपुर एवं निर्वाचन कार्यालय— एफ-2, (73, 74, 75) प्रथम तल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर। 2. रमाकांत गौतम एडवोकेट सहायक निर्वाचन अधिकारी, महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, पता- 14, मधु विहार कॉलोनी, चोखी ढाणी, गोनेर मोड के पीछे, जयपुर, राजस्थान एवं निर्वाचन कार्यालय- एफ-2, (73, 74, 75) प्रथमतल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर। 3. पवन शर्मा सहायक निर्वाचन अधिकारी महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, निवासी- 102/34, प्रताप नगर, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर एवं निर्वाचन कार्यालय- एफ-2, (73, 74, 75) प्रथम तल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर। 4. भानू प्रकाश गौतम अध्यक्ष महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 5.ताराचन्द शास्त्री उपाध्यक्ष महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 6. विजय शंकर गौतम कोषाध्यक्ष महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 7.विजयेन्द्र गौतम सहायक मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 8. एडवोकेट नवनीत कमल शर्मा सहायक मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 9. मनीष शर्मा प्रचार मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 10. महावीर प्रसाद गौतम प्रचार मंत्री महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 11. चौथमल कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 12.चंचल कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 13. अनिल जोशी कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 14.नगेन्द्र गौतम कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, 15. मुरारी लाल शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति,16. चेतन प्रकाश व्यास, कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति,
17. विनोद कुमार गौतम कार्यकारिणी सदस्य महर्षि गौतम समाज सेवा समिति, समस्त पता- पंजीकृत कार्यालय 986, बरकत नगर, किसान मार्ग, जयपुर, राजस्थान एवं एफ-2, (73, 74, 75) प्रथम तल, रघुनाथपुरी प्रथम, श्योपुर रोड़, गोशाला के सामने, टोंक रोड़, जयपुर उक्त......ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.......
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 01/8/25को 10 AM पूर्वाह्न में स्वंय या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एकपक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज दिनांक 30/07/25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

(मुहर) अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम

---

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 80/2025
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि श्री प्रदीप कुमार आर्य पुत्र श्री छोटू सिंह आर्य निवासी 01 आर्य भवन अशोक सर्किल, अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री छोटू सिंह आर्य धर्मार्थ समिति, अलवर, स्वामी दयानन्द मार्ग मन्नी का बड, अलवर-301001 के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.09.2025
(मोहर अदालत) सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

---

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**
**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
मुकदमा नम्बर 79/2025
**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**
चूंकि श्री प्रदीप कुमार आर्य पुत्र श्री छोटू सिंह आर्य निवासी 01 आर्य भवन अशोक सर्किल, अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत आर्य कन्या विद्यालय समिति अलवर, स्वामी दयानन्द मार्ग कम्पनी बाग के सामने, अलवर-301001 के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 25.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 29.09.2025
(मोहर अदालत) सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

---

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक : 5876 **जाहिर आम सूचना** दिनांक : 29.07.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या **29/D-181 (EWS)**, (एरिया **51.06** वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन **श्री तेज कुमार पुत्र श्री रमेश कुमार जैन** को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 652 दिनांक **19.05.2006** को जारी किया गया। **श्री तेज कुमार** के पक्ष में उक्त फ्लैट के पंजीयन प्रपत्र दिनांक **14.06.2010** को उप पंजीयक - सांगानेर - प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। **श्री तेज कुमार** द्वारा **श्री नानग राम अग्रवाल पुत्र श्री प्रभाती लाल अग्रवाल** को दिनांक **16.06.2010** को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। **श्री नानग राम अग्रवाल** द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त फ्लैट को दिनांक **24.01.2011** के द्वारा **श्री गोपाल सिंह बिष्ट पुत्र स्व. श्री उम्मेद सिंह बिष्ट** को विक्रय कर उप पंजीयक - सांगानेर - प्रथम जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / क्रेती **श्री गोपाल सिंह बिष्ट पुत्र स्व. श्री उम्मेद सिंह बिष्ट** द्वारा आवासन मण्डल में उक्त फ्लैट में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं। **श्री गोपाल सिंह बिष्ट पुत्र स्व. श्री उम्मेद सिंह बिष्ट** का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

---

राजस्थान सरकार
**कार्यालय सहायक खनि अभियन्ता, खान एवं भूविज्ञान विभाग, कोटपूतली**
पता-श्याम मंदिर के पिछे, संस्कार ITI के पास-303108
Email-ame.kotputli@rajasthan.gov.in
क्रमांक-सखअ/कोट/ Minor-B/28/2007/2025
**सार्वजनिक सूचना** दिनांक-जुलाई 2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में जिला कोटपूतली बहरोड की तहसील विराटनगर निकट ग्राम हरिकिशनपुरा में खनन पट्टा संख्या 28/2007 वास्ते खनिज क्वार्टजाईट सिलिकासैण्ड क्षेत्रफल 1.7750 हैक्टेयर दिनांक 11.01.2023 से 50 वर्ष तक के लिए श्री उमराव लाल यादव पुत्र श्री रामरूख यादव निवासी ग्राम/पोस्ट प्रागपुरा ढाणी माधोवाली तहसील पावटा जिला कोटपूतली बहरोड के पक्ष में प्रभावशील है। दिनांक 19.06.2025 को खनन पट्टाधारी श्री उमराव लाल यादव की मृत्यु हो जाने के कारण राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के नियम 76 के अन्तर्गत उनकी पत्नी विमला देवी पत्नि स्व. श्री उमराव लाल यादव निवासी वार्ड नम्बर 21 ढाणी माधोवाली, प्रागपुरा तहसील पावटा जिला कोटपूतली बहरोड के पक्ष में उक्त खनन पट्टे में नामान्तरण किया जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में अगर किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से15 दिवस में कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा विमला देवी पत्नी स्व. श्री उमराव लाल यादव निवासी वार्ड नम्बर 21 ढाणी माधोवाली प्रागपुरा तहसील पावटा जिला कोटपूतली बहरोड के नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। सो सूचित रहे।
(अमीचन्द दुहारिया) सहायक खनि अभियंता, कोटपूतली

---

**आम सूचना** मैं हरिनारायण पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल कुमावत उम्र 75 वर्ष निवासी कुमावतो की ढाणी, नारायण विहार कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर का रहने वाला हूँ तथा मैं हार्ट पेशेन्ट हूँ। मेरे पुत्र मुकेश कुमावत जो कि शराब एवं नेशे का आदी है तथा आये दिन मेरे साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करता है तथा नित नये दिन गलत लोगों को घर में लाता है व घर में लड़ाई-झगड़ा करता है, जिससे मेरे परिवार के अन्य सदस्य भी दुखी रहते हैं। मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को भी गाली-गलौज एवं मारपीट करता रहता है तथा मुझे मारने की धमकी देता है। इसलिए मैं मेरे पुत्र मुकेश कुमावत को अपनी सभी चल एवं अचल सम्पत्ति से दिनांक 30.07.2025 से बेदखल करता हूँ तथा मैं एवं मेरे परिवार का कोई भी अब इससे संबंध नहीं है एवं कोई भी व्यक्ति यदि मेरे पुत्र मुकेश कुमावत से लेन-देन करता है ता इसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी।
(प्रार्थी) हरिनारायण पुत्र स्व. श्री कन्हैया लाल कुमावत

---

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य अब्दुल सलाम पुत्र चाँद खां, निवासी 2251, बड़ापार्क चौकड़ी तोपखाना हुजूरी, घाटगेट, जयपुर के पुत्र मोहम्मद रिजवान उम्र 31 वर्ष मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है, तथा आये दिन मेरे अभिभाष्य और परिवार से लड़ाई झगड़ा करता है अभद्र व्यवहार करता है, हैरान परेशान करता है इसलिए उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ तथा भविष्य मे यदि कोई व्यक्ति, संस्था किसी प्रकार का संव्यवहार (लेनदेन) करता है तो उसके लिए वह स्वंय ही जिम्मेदार होगें। अतः सूचित रहें।
जयपुर (मोहम्मद अफजल ) एडवोकेट
दिनांक-30.7.25 मो.नं.-9928520745

---

**आम सूचना** सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि डाबर मोहल्ला-शाहपुरा में 880 वर्गगज में मैं मुकेश कुमार स्व. रमेश व इन्द्रमोहन पुत्र स्व. कालूराम माली परिवारजन मालिकाना हैसियत से 80 वर्ष काबिज़ हैं।
उपरोक्त प्लॉट के संबंध में राम गोपाल वह अन्य ने विभाजन का दावा किया था जिसकी अपील नंबर 245/2011 माननीय हाईकोर्ट जयपुर में विचाराधीन है तथा यथास्थिति बनाये रखने के आदेश दिये गए है अतः उपरोक्त प्लॉट के संबंध में अपील के गुणावगुण पर विस्तृत निस्तारण से पहले आम खास सरकारी अर्ध-सरकारी विभाग किसी भी तरह का खरीद बेचान अमान्य होगा।
**सीताराम खींची, एडवोकेट, मो.-9414396207**

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत डिडायच, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक :-2025-26/274 दिनांक :- 28/07/25
**ई-निविदा सूचना संख्या-03/2025-26**
पंचायत समिति चौथ का बरवाडा के अधीन ग्राम पंचायत डिडायच में पन्द्रहवा वित्त आयोग पंचायत समिति मद योजनान्तर्गत निम्न कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदा दरे (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग) निविदा से संबंधित नियम, शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत डिडायच — NIB No. PKI2526A0008, UBN No. PKI2526GSRC00008, PKI2526GSRC00009, PKI2526GSRC00010, PKI2526GSRC00011, PKI2526GSRC00012 — प्रशासक, ग्राम पंचायत डिडायच

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत रवांजना, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक :-51 दिनांक :- 28/07/25
**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2025-26**
वर्ष 2025-26 हेतु महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में कार्यों के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं / निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.3.2026 तक के लिये निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से द्विस्तरीय (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की बेवसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रवांजना — NIB No. ZSM2526A0491, UBN No. ZSM2526SSOB00557 — प्रशासक, ग्राम पंचायत रवांजना

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत खिजूरी, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक :-45 दिनांक :- 28/07/25
**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2025-26**
वर्ष 2025--26 हेतु महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में कार्यों के लिये निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं / निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 31.3.2026 तक के लिये निम्नानुसार निविदा दरें ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से द्विस्तरीय (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की बेवसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खिजूरी — NIB No. ZSM2526A0492, UBN No. ZSM2526SSOB0055 — प्रशासक, ग्राम पंचायत खिजूरी

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत आदलवाडा कलां, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक :-2025-26/आ.क./52 दिनांक :- 21/07/25
**ई-निविदा सूचना संख्या-03/2025-26**
पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा के अधीन ग्राम पंचायत आदलवाडाकलां में स्वच्छ भारत मिशन योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्य कचरा संग्रहण केन्द्र ग्राम पंचायत आदलयाडाकला, एवं राज्य वित्त आयोग में कंक्रीट रोड निर्माण कार्य रामकन्या के मकान से बडडा की ओर आदलवाडा कलां एवं सीसी रोड निर्माण कार्य रा030 प्रा0वि0ऐकडा के पास से मीना बस्ती की ओर हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदा दरें ई-प्रीक्योरमेन्ट पद्धित से द्विस्तरीय (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग) वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की बेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत आदलवाडा कलां — NIB No. ZSM2526A0488, UBN No. ZSM2526SSOB0554 — प्रशासक, ग्राम पंचायत आदलवाडा कलां

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुश्तला, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक :-2025-26/66 दिनांक :- 15/07/25
**ई-निविदा सूचना संख्या-03/2025-26**
पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा के अधीन ग्राम पंचायत कुश्तला में स्वच्छ भारत मिशन योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्य कचरा संग्रहण केन्द्र ग्राम पंचायत कुश्तला हेतु निर्धारित प्रपत्र में निविदा दरें ई-प्रीक्योरमेन्ट पद्धित से द्विस्तरीय (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग) वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की बेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कुश्तला — NIB No. ZSM2526A0489, UBN No. ZSM2526SSOB0555 — प्रशासक, ग्राम पंचायत कुश्तला

---

**कार्यालय ग्राम पंचायत आकोडिया पं.स. कोटखावदा (जयपुर)**
क्रमांक/ग्रा.पं./2025-26/ई-निविदा/41 दिनांक-29.07.2025
**ई-निविदा सूचना 01/2025-26**
पंचायत समिति कोटखावदा के ग्राम पंचायत आकोडिया में MLA-LAD क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 10.45 लाख का 01 कार्य स्वीकृत है। कार्यो को सम्पादित कराने हेतु पंचायतराज अधिनियम 1996 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पार्दर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से ई-टेंडरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदायें निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय समय में एवं राजस्थान उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाएं ऑनलाईन प्राप्त करने एवं अपलोड करने की दिनांक 29.07.2025 से 08.08.2025 को प्रात 11.00 बजे तक रहेगी।
NIB NO. KHW2526A0011, UBN NO.- KHW2526WSOB00020
सरपंच, ग्राम पंचायत आकोडिया — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत आकोडिया

---

**कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)**
क्रमांक- न.प.कोट/भूमि/2025/1941 दिनांक-30.07.2025
प्रारूप-10 (नियम 6(7)
**लोक सूचना**
आवेदनकर्ता श्री बसंता राम महेश पुत्रान श्री रामकुमार श्री योगेश पुत्र श्री कैलाश रोहिताश पुत्र श्री कैलाश व श्री हवासिंह पुत्र श्री रमेश समस्त जातियान गुर्जर निवासीयान खेडकी मुक्कड कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात् -

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली | खेडकी मुक्कड (कोटपूतली) | 1128/125 | 0.5400 है. | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन ..... को जारी की गयी।
**प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कोटपूतली**

---

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति बगरू, जयपुर**
कमांकः—165—171 दिनांकः— 29.07.2025
**निविदा सूचना**
कृषि उपज मण्डी समिति बगरू, जयपुर में निम्नांकित सेवाओं/कार्यों के ठेके हेतु सुस्थापित, अनुभवी एवं पंजीकृत प्रतिष्ठित फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई—प्रोक्योरमेंट के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:— NIB-DAM2526A0320

| विवरण | सुरक्षा व्यवस्था कार्य हेतु सुरक्षा गार्ड उपलब्ध करवाना |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 05/2025—26 |
| अनुमानित लागत (राशि रूपये में) | रू. 30.00 लाख |
| निविदा शुल्क (राशि रूपये में) | रू. 1000.00 |
| निविदा प्रतिभूति राशि (राशि रूपये में) | रू. 0.60 लाख |
| आर. आई.एस.एल. प्रोसेसिंग फीस M.D.R.I.S.L. जयपुर के नाम देय (डी.डी. अथवा बैंकर्स चैक) | रू. 2000.00 |
| ऑनलाईन निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | प्रकाशन तिथि में |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 11.08.2025 12.00 PM तक |
| कार्यालय में प्रोसेसिंग फीस, निविदा शुल्क व धरोहर राशि डी.डी./बैंकर्स चैक एवं अन्य दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम तिथि एवं समय | 11.08.2025 4.00 PM तक |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय | 12.08.2024 12.00 PM |
| निविदा की अवधि | 01 वर्ष |
| UBN No. | |

निविदा शुल्क, निविदा सिक्योरिटी एवं RISL प्रासेसिंग फीस का मूल डी डी/बैंकर्स चैक निर्धारित दिनांक एवं समय तक कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति बगरू, जयपुर में जमा करवाना अनिवार्य होगा तथा इनकी स्कैन प्रति भी निविदा के साथ अपलोड का प्रस्तुत करनी होगी। ऑफ—लाईन प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगें। मूल डी.डी/बैंकर्स चैक जमा नहीं कराने पर निविदा नहीं खोली जावेगी। उक्त कार्यो हेतु तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदायें खोली जायेगी।
निविदा से संबंधित तकनीकी व वित्तीय बोली प्रपत्र एवं विस्तृत वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं विभागीय वेबसाईट **www.agriculture.rajasthan.gov.in** पर अवलोकन व डाउनलोड किये जा सकते है।
राज.संवाद/सी/25/7193 सचिव

# संघ के वरिष्ठ प्रचारक माणकचंद ( भाईजी ) पंचतत्व में विलीन

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक माणकचंद के निधन पर शोक व्यक्त किया

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं पाथेय कण पत्रिका के संरक्षक माणकचंद (भाई जी) का बुधवार को एसएमएस अस्पताल में निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे एवं विगत एक माह से किडनी की बीमारी का इलाज ले रहे थे। बुधवार शाम को

- **राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ समेत अनेक गणमान्य लोगों ने अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए**



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. माणकचंद की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।**

झालाना मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में माणकचंद्र के छोटे भाई कमल चरखा समेत अनेक गणमान्य बंधु शामिल हुए।

इससे पूर्व पाथेय भवन में उनकी देह अंतिम दर्शन के लिए रखी गई, जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और उद्योग मंत्री राज्यवर्धनसिंह राठौड़ समेत अनेक गणमान्य लोगों ने अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके निधन से संघ परिवार, पाथेय परिवार एवं राष्ट्रवादी पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षित हुई है। उनका तपस्वी जीवन और कार्यों की प्रेरणा सदैव स्मरणीय रहेगी।

**स्थित प्रज्ञ थे, जीया तपस्वी जीवन:**

माणकचंद ने अपना सम्पूर्ण जीवन संघ कार्य को समर्पित करते हुए प्रचारक जीवन की कठिन साधना की। माणकचंद का जन्म 2 नवम्बर 1942 को नागौर जिले के कसारी-बड़ा गांव में हुआ था। 1966 में वे पूर्णकालिक प्रचारक बने और छह दशक तक राजस्थान सहित विभिन्न स्थानों पर संगठनात्मक, बौद्धिक एवं वैचारिक कार्य में संलग्न रहे।

वे पाथेय कण पत्रिका के प्रबंध संपादक के रूप में 34 वर्षों तक सक्रिय रहे। उन्होंने 1989 से पाथेय कण में प्रबंध संपादक की भूमिका निभाई और वैचारिक पत्रकारिता को नई दिशा दी। उनके संपादकीय नेतृत्व में यह पत्रिका भारतीय विचारधारा की मुखर और प्रतिष्ठित आवाज बनी।

आपातकाल के कालखंड में उन्होंने जेल यात्रा भी की और वैचारिक प्रतिबद्धता से कभी विचलित नहीं हुए। संघ के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन, संयम, सादगी और संतुलित दृष्टिकोण ने नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। पाथेय कण के माध्यम से उन्होंने राष्ट्र निर्माण हेतु वैचारिक चेतना का दीप प्रज्वलित किया, जो दीर्घकाल तक स्मरणीय रहेगा।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. माणकचंद की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी:**

शर्मा ने स्व. माणकचंद की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने स्व. माणकचंद के व्यक्तित्व को याद कर कहा कि उनका जीवन उच्च आदर्शों और सिद्धांतों के लिए समर्पित था। समाज में राष्ट्रीय चेतना और मूल्यों के प्रसार में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

पाथेय कण के संरक्षक माणकचंद के निधन पर देवनानी ने गहरा शोक व्यक्त किया

**देवनानी ने माणकचंद की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धाजंलि दी:**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पाथेय कण के संरक्षक माणकचंद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। माणकचंद के निधन का समाचार सुनते ही देवनानी एसएमएस अस्पताल पहुँचे। देवनानी ने अस्पताल में माणकचंद की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धाजंलि दी।

## 'युवाओं में लोकतंत्र की बेहतर समझ बढ़ाने की पहल'

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करने और समाधान खोजने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु शनिवार को राजस्थान विधान सभा में प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय युवा संसद होगी। युवा संसद में जयपुर शहर के विद्यालयों के विद्यार्थी, संसद अध्यक्ष, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभाते हुये राजस्थान विधानसभा के सदन में संसदीय प्रक्रियाओं पर वाद-विवाद करेंगे। देवनानी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी राष्ट्र की दिशा तय करने वाली शक्ति है। उन्हें यदि लोकतंत्र और संसदीय प्रक्रिया की सही समझ मिले, तो वे समाज के सजग प्रहरी बन सकते हैं। युवा संसद इसी दिशा में एक प्रयास है, जिससे छात्र-छात्राएँ केवल शिक्षा तक सीमित न रहकर समाज और व्यवस्था को गहराई से समझ सकें।



दिन भर बारिश का दौर जारी रहा कभी तेज तो कभी फुहार। सावन के महीने में बारिश की झड़ी लगी रहने से सूरज भी नही निकला। सहर के लगभग सभी इलाके में सड़के दरिया बन गई , रेलवे स्टेशन अंडर पास व खाशा कोठी पर भरा बारिश का पानी।

## 1936 विद्यालयों में मरम्मत के लिए 160 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**जयपुर।** झालावाड़ के पीपलोद स्कूल हादसे के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बहुत पीड़ा का अनुभव किया है। उन्होंने परिवार के मुखिया का कर्तव्य निभाते हुए शोक की इस घड़ी में त्वरित फैसले लेकर ठोस कदम उठाए हैं जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो ।

गत 25 जुलाई को हुए इस हादसे के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए सभी जिला कलेक्टर की बैठक ली, उन्हें सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए और उसी दिन शाम को साढ़े 6 बजे प्रदेश के 3,688 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए 50 करोड़ रुपए का बजट जारी किया। प्रदेश के 1,936 विद्यालयों में मरम्मत, उन्नयन और विकास कार्यों के लिए 160 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं।

- **हादसे के दिन ही 3688 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए 50 करोड़ रुपए का बजट जारी किया**

मेवात, डांग, मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम और विधायक कोष से भी मरम्मत के लिए राशि को 15 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया है। हर विधानसभा क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों की मरम्मत के लिए 3 करोड़ रुपए मिलेंगे।

यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि सीएम शर्मा के निर्देशन में शासन और प्रशासन ने इस दुर्घटना के बाद बहुत स्विफ्ट रेसपोंस दिया। यह दिखाता है कि संकट में हम बस एक हैं और प्रत्येक संकट, खतरे को चुनौती के रूप में लेकर जीवटता के साथ इसका जवाब देना हम राजस्थानियों के जींस में है। इसमें नेतृत्व सबसे प्रभावशाली भूमिका निभाता है और यहां भजनलाल शर्मा ने दिखाया है कि नेतृत्व अथॉरिटी, आदेश देने से कहीं आगे की भूमिका में है और वह है, आमजन के साथ तादात्म्य कर उनकी आंकांक्षा, चिंता और आशा को शासन की आंकांक्षा, चिंता और आशा का रूप लेकर लक्ष्य को समय पर प्राप्त करे।

## मुंबई साइबर क्राइम के नाम पर 80 लाख की ठगी



सोवन मंडल

**जयपुर।** साइबर ठगों ने अपनी शातिर चालों से अजमेर की बयासी वर्षीय एक बुजुर्ग महिला को निशाना बनाया और डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर उनसे अस्सी लाख की भारी भरकम राशि ऐंठ ली। इस हाई-प्रोफाइल मामले में राजस्थान साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने मुख्य खाताधारक को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बैंक खाते में ठगी की गई सारी रकम ट्रांसफर की गई थी।

पुलिस अधीक्षक (साइबर क्राइम) शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना 23 नवंबर से 30 नवंबर 2024 के बीच हुई। ठगों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए महिला से संपर्क साधा और खुद को मुंबई साइबर क्राइम का अधिकारी बताया। उन्होंने महिला को डिजिटल रूप से गिरफ्तार होने का झांसा दिया और कानून की कार्रवाई से बचने के नाम पर उनसे अस्सी लाख अपने बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए।

प्रकरण अजमेर में दर्ज होने के बाद इसे साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन राजस्थान, जयपुर को हस्तांतरित कर दिया गया। जिसके बाद जांच में तेजी आई। साइबर थाने की विशेष टीम ने ठगी गई राशि के लेनदेन का गहन विश्लेषण किया। जांच में पाया गया कि ठगी की गई पूरी अस्सी लाख की राशि एक ही बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी। यह खाता सोवन मंडल पुत्र संतोष (30) निवासी धूलिया हावड़ा पश्चिम बंगाल का था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सोवन मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। उससे आगे की पूछताछ जारी है।

# रुडी का राजनीतिक अनुभव बनाम बालियान की क्षेत्रीय पकड़

- **भाजपा के दो नेता आमने सामने, रुडी को मिल रहा सर्वदलिय समर्थन**
- **फ्रेंडली मुकाबले की आड़ में तीखी टक्कर, क्लब चुनाव बना चर्चा का केंद्र**

**जयपुर/नई दिल्ली।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सचिव (प्रशासन) पद के लिए होने वाला आगामी चुनाव राजनीतिक हलकों और मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रतिष्ठित पद के लिए मुकाबला भारतीय जनता पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं के बीच है।

एक ओर हैं श्री राजीव प्रताप रूडी जो सात बार के सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री और क्लब की कार्यकारी व्यवस्था में दो दशकों से सक्रिय नेतृत्वकर्ता, जिनकी प्रशासनिक दक्षता और समावेशी दृष्टिकोण को व्यापक रूप से सराहा गया है।

दूसरी ओर हैं श्री संजीव बालियान, पश्चिम उत्तर प्रदेश से आने वाले पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री, जो क्षेत्रीय सांसदों और विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मतदाताओं के समर्थन से मैदान में हैं।

हालांकि दोनों ही पक्ष सरकार से समर्थन मिलने का दावा कर रहे हैं, लेकिन भाजपा की ओर से किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

पार्टी ने इसे फ्रेंडली मुकाबले के रूप में सांसदों के विवेक पर छोड़ दिया है।हाल ही में संसद में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर'पर रात्रिकालीन चर्चा के दौरान एक दिलचस्प दृश्य देखने को मिला। बताया जाता है कि जब सदन में सांसद मौजूद थे, तो गृह मंत्री अमित शाह ने मुस्कुराते हुए श्री रूडी से पूछा कि इतनी रात को भी वोट मांग रहे हैं? और फिर स्वाभाविक जिज्ञासा से यह भी पूछा कि कैसा चल रहा है? राजनीतिक हलकों में इस प्रसंग को अघोषित समर्थन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा है कि मानव तस्करी एक गंभीर विषय है और सरकार ने इसे रोकने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

शर्मा बुधवार को पुलिस मुख्यालय में विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर बच्चों की सुरक्षा विषय पर सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं आपराधिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के सेंटर फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन द्वारा आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे ।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में भी मानव तस्करी एवं महिला तथा बाल सुरक्षा विषय के महत्वपूर्ण प्रावधान रखे गए हैं।

# पांच सदस्यीय कमेटी डेयरी बूथ आवंटन पॉलिसी में करेगी संशोधन

**जयपुर।** राजस्थान में सरस की डेयरी बूथ आवंटन को लेकर पॉलिसी में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इसके लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस संबंध में शासन सचिवालय में बुधवार को पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में डेयरी सेवाओं के विस्तार एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उदेश्य से आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। पांच सदस्यीय कमेटी में पशुपालन, डेयरी एवं गोपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, डीएलबी के डायरेक्टर जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर, नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्धाज, दुग्ध संघ, जयपुर के एमडी मनीष फौजदार को शामिल किया गया है। यह कमेटी बैठक में आए सुझावों के आधार पर प्रस्ताव तैयार करेगी।

- **बैठक में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत व अन्य अधिकारियों ने बूथ आवंटन नीति-2021 में संशोधन के सुझाव दिए**



**केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत( बांये ) ने डेयरी सेवाओं के विस्तार एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उदेश्य से बैठक ली।**

बैठक में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत व अन्य अधिकारियों ने बूथ आवंटन नीति-2021 में संशोधन के सुझाव दिए। इनमें बूथ आवंटन हेतु आवेदन पत्र संबंधित जिला दुग्ध संघ में जमा कराने, नए डेयरी बूथों के स्थान आवंटन आरसीडीएफ/जिला दुग्ध संघ द्वारा गठित समिति द्वारा चिन्हित कर अंतिम सूचि जारी करने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा प्रस्तावित डेयरी बूथ के लिए उसी क्षेत्र के पांच किमी. की परिधि के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता देने, सेवारत सेना के जवान के परिवारिक सदस्य को आवेदन के लिए पात्र मानने संबंधी प्रस्ताव को नई नीति में शामिल करने का सुझाव दिया गया।

नए सरस पार्लर खोलने की संभावनाएं तलाशेगा आरसीडीएफ

बैठक के दौरान प्रदेश में नए सरस पार्लर खोलने के लिए आरसीडीएफ को संभावनाएं तलाशने के लिए निर्देशित किया गया। इसके लिए सरकारी चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, शैक्षिणक संस्थाओं, बस स्टेंड व रेलवे स्टेशन के आसपास के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सरस पार्लर खोलने को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि नए सरस पार्लर खोलने से न केवल आरसीडीएफ की आय में बढोतरी होगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के उदेश्य से ही बजट घोषणा 2024-25 के तहत प्रदेशभर में 2500 नए सरस बूथ खोले जा रहे हैं। इसके तहत 2000 बूथों के लिए कुल 11536 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से जांच के बाद 7861 आवेदन पत्र आरसीडीएफ द्वारा अनुमोदित कर संबंधित निकायों को प्रेषित किए गए हैं। इसके अलावा विगत वर्षों के पैंडिंग 500 बूथों का निस्तारण स्थानीय निकाय स्तर पर लंबित है। इस प्रकार कुल 8361 लंबित आवेदन पत्रों का जल्द से जल्द निस्तारण कर लॉटरी के जरिए कुल 2500 बूथों के आवंटन के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है।

## जमीनों को फर्जी दस्तावेज से बेचने वाली गैंग के दो भूमाफिया गिरफ्तार

**जयपुर।** बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारत सरकार की ओर से जब्त जमीनों को सेबी के फर्जी दस्तावेज से बेचने वाली जालसाज गैंग के दो भू माफियाओं को गिरफ्तार किया है और साथ ही कर फर्जी दस्तावेज व सील मोहरे बरामद की है। इस गिरोह में दिल्ली-हरियाणा के सदस्य भी शामिल हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारत सरकार की ओर से जब्त जमीनों को सेबी के फर्जी दस्तावेज से बेचने वाली जालसाज गैंग के आरोपित प्रमोद कुमार तातेड (49) निवासी बिलाडा जिला जोधपुर और श्रवण रणवा उर्फ सुरेश रणवा (40) निवासी लोसल सीकर को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपित भूमाफिया प्रमोद कुमार तातेड (जैन) को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ में उसने सरकारी जमीन को सेबी के फर्जी दस्तावेज से सौदा कर बेचना स्वीकार किया।

# ग्रेटर निगम में चहेते ठेकेदारों को मिले टैंडर, अन्य के ठेके निरस्त

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम में चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए कुछ अफसर खुली दरियादिली दिखा रहे है। चुनिंदा ठेकेदारों को तो टेंडर के कार्यादेश तो दिए जा रहे है, जबकि अन्य फर्मों के ठेके निरस्त किए जा रहे है। हांलांकि अब कमिश्नर डॉ. गौरव सैनी ने विवादित सभी टैंडर निरस्त करने की बात कही है। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों हेरिटेज सिटी कॉन्ट्रेक्टर्स सोसायटी के अध्यक्ष रघुवीर शर्मा और अन्य ठेकेदारों ने आयुक्त से मुलाकात करके इस मामले की लिखित और मौखिक शिकायत की थी।

सूत्रों के मुताबिक ग्रेटर नगर निगम के विद्याधर नगर जोन में पिछले दिनों नाला सफाई और नाला निर्माण के कार्य के करीब 80 से 85 लाख रूपये के दो टैंडर हुए थे, जिसमें करीब 5 प्रतिशत कम रेट पर मैसर्स श्री बिल्डर्स और अन्य फर्म को कार्यादेश अधिषाषी अभियंता विविध बडाया ने जारी किया था।

जबकि विद्याधर नगर जोन में ही इसी तरह के नाला सफाई और नाला निर्माण व मरम्मत के अन्य करीब 4 से 5 टैंडर, जो कि मैसर्स कृष्णा बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रेक्टर्स को मिले थे, उन्हें रद्द कर दिया गया। ठेकेदार अनिल अग्रवाल का आरोप है कि अधीक्षण अभियंता नितिन शर्मा ने जानबूझकर ठेके रद्द किए हैं, जबकि इन टैंडर्स में तय रेट से करीब 10 से 15 प्रतिशत दर कम डाली गई थी। जो कि प्रायः प्रत्येक टैंडर में सामान्यतः आती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिन टैंडरों में ग्रेटर नगर निगम को राजस्व का फायदा हो रहा था और रेट भी कम आई थी, उन्हें अधिकारियों ने निरस्त क्यों किया?

- **अधीक्षण अभियंता नितिन शर्मा पर भेदभाव का आरोप लगा रहे ठेकेदार**
- **ठेकेदार द्वारा ज्यादा रेट डाली गई थी, वह उंची दर पर कार्यादेश का दबाव बना रहा था, इसलिए टैंडर निरस्त किए गए: नितिन शर्मा**

जब ठेका फर्म ने इसकी शिकायत हेरिटेज सिटी कॉन्ट्रेक्टर्स सोसायटी से की तो अध्यक्ष रघुवीर शर्मा के नेतृत्व में ठेकेदारों ने आयुक्त डॉ. गौरव सैनी से मुलाकात की। रघुवीर शर्मा ने आरोप लगाया है कि ग्रेटर नगर निगम में अधीक्षण अभियंता नितिन शर्मा इन दिनों अपनी मनमानी पर उतरे हुए है। वे किसी चहेते ठेकेदार को टेंडर देने के लिए कभी तो किसी निविदा को 5 प्रतिशत कम रेट पर भी खोलकर कार्यादेश संबंधित अधिशाषी अभियंताओं से दिलवा रहे है, जबकि दूसरी तरफ 10 से 20 प्रतिशत कम रेट के वाले टेंडर्स को निरस्त किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में अधीक्षण अभियंता के पास नियमानुसार 50 लाख रुपए से ऊपर के कार्यों से संबंधित पत्रावलियां भेजी जाती है, परन्तु ग्रेटर नगर निगम में इसके विपरीत छोटी से छोटी फाइलें अधीक्षण अभियंता नितिन शर्मा अपने पास मंगवा रहे है। चाहे फिर वह 1 लाख रूपये की हो या फिर 50 लाख रूपये की। जबकि राज्य सरकार ने 8 जनवरी 2015 को आदेश जारी कर एस.ओ.पी. बनायी थी। जिसमें प्रत्येक अधिकारी की वितीय निर्णय की क्षमता तय की गई थी।

इस मामले में अधिशाषी अभियंता नितिन शर्मा का कहना है कि ठेकेदार द्वारा ज्यादा रेट डाली गई थी, वह उंची दर पर कार्यादेश का दबाव बना रहा था, इसलिए टैंडर निरस्त किए गए हैं। जहां तक बात फाइलें मंगवाने की है तो उच्चाधिकारियों के निर्देश पर किसी फाइल को जांच के लिए जरूर मंगवाया गया होगा, परंतु प्रत्येक फाइल हमारे पास नहीं आती। यह हास्यास्पद भी है कि कोई एक अधिकारी ही पूरी फाइलें अपने पास मंगवाए।

इस प्रकरण में आयुक्त डॉ. गौरव सैनी का कहना है कि जिन टैंडर्स में ज्यादा दर आयी थी, उन्हें निरस्त किया गया है। जहां तक विद्याधर नगर जोन में 5 प्रतिशत कम रेट पर कार्यादेश दिए जाने की बात है तो उस विवादित टैंडर को भी हम निरस्त करने की कार्यवाही कर रहे हैं।

शान निराली आके देखो कितना ये ज़ीशान है, 786/92 चाँदी की जाली में सोया मेवाड़ी सुल्तान है।
कुतबे ज़माना हज़रत विलायत अली शाह साहब उर्फ
दीवाना शाह साहब र. अ. का 84वां उर्स शरीफ

तारीखें उर्स : 6 सफर 1447 हिजरी, मुताबिक 01 अगस्त 2025 शुक्रवार (जुम्आ) से शुरू होकर 8 सफर 1447 हिजरी, मुताबिक 03 अगस्त 2025 बरोज रविवार सुबह कुल की फातेहा होगी। लिहाज़ा शिरकत उर्स फरमाकर फैज़याब हों और अपना दामने उम्मीद भरें।
मिनजानिब :-वक्फ कमेटी, दरगाह शरीफ, दीवाना नगर, कपासन, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) Phone No. : 01476-294212, 230212



निराश हूं, मांसपेशियों में एक अच्छी-खासी चोट आई है, जिनके नाम भी मैं ठीक से नहीं ले सकता है। - बेन स्टोक्स

इंग्लैंड के कप्तान, अपनी चोट के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



### हरदीप

अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 11 किलो ग्रामग्री को रोमन वर्ग में गोल्ड पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यजदानर जाडेलरूज को कडे मुकाबले में क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था। हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेत खान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस यारोस्लावटो मेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया।

क्या आप जानते हैं ?... ओवल पर 2021 में मिली जीत के 4 साल बाद अब मौका है एक और जीत दर्ज कर इतिहास रचने और रिकॉर्ड को सुधारने का।

## सेंट एंसलम ने सीबीएसई वेस्ट जोन अंडर-17 शतरंज चैंम्पियनशिप का खिताब जीता

जयपुर, 30 जुलाई। रणनीति और धैर्य के रोमांचक प्रदर्शन में, सेंट एंसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान) की टीम सीबीएसई वेस्ट जोन अंडर-17 बॉयज शतरंज चैंपियनशिप 2025-26 की अपराजित चैंपियन बनकर उभरी, जिसका आयोजन 27 से 30 जुलाई 2025 तक टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल, मुरैना (म.प्र.) में किया गया। पश्चिमी क्षेत्र के 37 शीर्ष विद्यालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए, सेंट एंसलम की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और संभावित 14 में से कुल 12 मैच पॉइंट हासिल करते हुए स्विस-सिस्टम प्ले के 7 राउंड के बाद अंतिम स्टैंडिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैंपियन टीम में सिद्धांत चतुर्वेदी (कप्तान), विराज मंगल, आदित्य ध्यानी और ऋषि चतुर्वेदी शामिल थे। सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित अंतर-विद्यालय चैंपियनशिप में अपने विद्यालय को जीत दिलाने के लिए प्रत्येक टीम के सदस्य ने रणनीतिक गहराई और तीव्र एकाग्रता का संयोजन करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस चैंपियनशिप में अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की टीमों ने भाग लिया, जो नियमों और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित की गई थी। इसका आयोजन टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल, मुरैना द्वारा किया गया। टीम की सफलता में वेव्स और रॉयल जयपुर शतरंज क्लब का भरपूर सहयोग रहा, जिनके शतरंज विकास में निरंतर प्रयासों ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस जीत के साथ, सेंट एंसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जयपुर ने न केवल राजस्थान का नाम रोशन किया है, बल्कि इस वर्ष के अंत में होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप 2025-26 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

## एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फैडरेशन ऑफ इंडिया की जनरल बॉडी की मीटिंग सम्पन्न



जयपुर, 30 जुलाई। एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी रमेश सिंह ने बताया कि जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब सभागार में एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया की महत्वपूर्ण बैठक फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ आशुतोष पन्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष डॉ आशुतोष पन्त का स्वागत फेडरेशन के सीनियर उपाध्यक्ष जी एस राठौड़ ने शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर किया। "हर घर हॉकी अभियान" पूरे राष्ट्र में प्रचार अभियान की तौर पर चलाया जाएगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष ने लिया और बताया कि इस नए खेल का प्रचार और प्रसार का इस अभियान से बेहतर तरीका नहीं हो सकता। टैलेंट अगर हम तक नहीं पहुंचता तो हमें टैलेंट तक पहुंचना जरूरी है। अध्यक्ष ने बताया कि एक छोटे टेस्ट के मध्यम से और समाचार पत्रों व चैनलों के माध्यम से विज्ञापन दे कर टैलेंट सर्च अभियान चलाया जाएगा। पूर्व हॉकी खिलाड़ी अगर इस खेल से जुड़ते हैं तो उन्हें खेल में कुछ विशेष अंक देखकर चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाएगा।

## आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में राजस्थान के खिलाड़ियों ने टीम में अपना नाम दर्ज करवाया



जयपुर, 30 जुलाई। नई दिल्ली में होने वाले 24 सितम्बर से 2 अक्टूम्बर 2025 तक होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 की द्वितीय सूची मे राजस्थान के खिलाडियो ने अपनी प्रतिभा कौशल से बनायी अपनी जगह। नई दिल्ली में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में खिलाडियो ने कडी मेहनत करके अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ के लिये चुनी गयी । यह राजस्थान के नागरिको व खिलाडियो के लिये गर्व की बात है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के खिलाडी प्रतिनिधित्व करेगें और राजस्थान व देश का नाम रोशन करेगे। राजस्थान राईफल एसोसिएशन आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में द्वितीय सूची में शूटिंग से चयनित खिलाडियो को बधाई एंव शुभकामनाएं देती है। हमे पूर्ण विश्वास है कि हमारे खिलाडी उत्कृष्ट प्रर्दशन करते हुये प्रतियोगिता मे पदक प्राप्त कर देश व राज्य का नाम रोशन करेगे। खिलाडी का नाम यशवर्धन सिंह, राजावत वाटिका, विनय प्रताप सिंह चन्द्रावत श्योपुर, कुशाग्रसिंह राजावत, दीपेन्द्र सिंह शेखावत, कुनाल शर्मा, साहिल चौधरी, सोमिल चौधरी।

## महेन्द्र सिंह धोनी बने एको के निवेशक और ब्रांड एम्बेसडर

